तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026



14 सामूहिक विवाह कार्यक्रम में फाइलेरिया मुक्त ...



13 कलेक्टर ने जारी किए सख्त निर्देश अब ...






## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद/निकुम।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरी द बड़े पारा में बीते सोमवार की रात 8 बजे घर से लगे खलिहान में 27 वर्षीय अविवाहित युवक हेमलाल साहू ने नीम के पेड़ में प्लास्टिक लाईलोन की रस्सी से फांसी लगाकर कर आत्महत्या की। मिली जानकारी के अनुसार रात का खाना खाने के बाद सभी परिजन खाना खाकर सोने अपने कमरे में चले गए तथा युवक खाना खाने के बाद टहल कर आने की बात कहकर घर से निकला। जहां सुबह युवक को उसके कमरे में ना पाकर परिजनो ने जब आस पास युवक की खोजबीन की तो युवक अपने घर से कुछ दूरी पर खेत खलिहान के बीच स्थित नीम पेड़ में फांसी लगा लिया था। जिसके बाद घटना की सूचना मृतक के पिता भिखारी साहू ने अर्जुन्दा पुलिस को दिया, मौके अर्जुन्दा पुलिस ने विवेचना कर शव पीएम करने गुण्डरदेही मर्चुरी भेज दिया। वही युवक द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### भूमि विवाद में जिला न्यायालय ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला

**डौण्डीलोहारा।** ग्राम चिल्हाटीकला, प.ह.नं. 33, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि विवाद प्रकरण में माननीय द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2026 को पारित निर्णय से वादी दिलीप शर्मा एवं शर्मा परिवार को निर्णायक न्यायिक सफलता प्राप्त हुई है। माननीय न्यायालय ने विचारण न्यायालय डौण्डीलोहारा द्वारा दिनांक 02 मार्च 2020 को पारित स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा की डिक्री को पूर्णतः विधिसम्मत एवं न्यायोचित ठहराते हुए प्रस्तुत सभी अपीलों को निरस्त कर दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि विचारण न्यायालय द्वारा वादीगण के पक्ष में दिया गया। निर्णय किसी भी प्रकार की विधिक त्रुटि से ग्रस्त नहीं है तथा उसमें हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं बनता। फलस्वरूप, व्यवहार वाद क्रमांक 04-अ/2015 में पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति दिनांक 02.03.2020 की पुष्टि करते हुए सभी अपीलें सारहीन घोषित कर खारिज कर दी गईं।

### जिले में बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जिले में बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रे के उपयोग पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया है। स्कूल एवं महाविद्यालयीन छात्र–छात्रओं की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अधिनियम के अन्तर्गत सम्पूर्ण बालोद जिले में बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रे के उपयोग पर आगामी आदेश पर्यन्त प्रतिबंधित किया गया है। उक्त अवधि में विशेष समारोह, सम्मेलन, विवाह एवं अन्य सार्वजनिक सभाओं के अवसर पर ध्वनि प्रसारण यंत्र के उपयोग की अनुमति दिये जाने हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी को उनके क्षेत्रधिकार हेतु अधिकृत किया गया है।

### सियादेवी जलाशय में 13 से 15 तक होगा इको एडवेंचर फेस्ट

**बालोद।** बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय के मनोरम पर्यटन स्थल में 13 से 15 फरवरी तक सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बैंबू राफ्टिंग, फ्लोटिंग बलून, हॉट एयर बलून, बोटिंग, एडवेंचर एक्टिविटी, स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय व्यंजन, बच्चों के लिए मनोरंजन, युवाओं के लिए एडवेंचर आदि गतिविधियां की जाएगी। जिला प्रशासन बालोद द्वारा आयोजित यह इको एडवेंचर फेस्ट स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने ▶▶ शेष पेज 13 पर

## योजना : विधायक और कलेक्टर ने नव-दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 163 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, सीएम साय ने वर्चुअली दिया आशीर्वाद





**हरिभूमि न्यूज:बालोद**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय ब में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह मे 163 जोड़े वर–वधुओं का रीति–रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम मे कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर सहित उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति चुन्नी मानकर, जनपद पंचायत बालोद के महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति भूनेश्वरी चंद्राकर उपस्थित थे। अतिथियों ने वधुओं को मंगलसूत्र एवं बिछिया भेंट किया।

■ प्रदेशभर में 6,414 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद सहित प्रदेश भर में आयोजित सामूहिक विवाह में वर्चुअली रूप से जुड़कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पूरे प्रदेश भर में बड़ी संख्या में वर–वधुओं के परिणय सूत्र में बंधने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी वर–वधुओं के खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज पूरे प्रदेश के बड़ी संख्या में वर–वधुओं के परिणय सूत्र में बंधने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साय ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से कुल 06 हजार 414 वर–वधु परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन की शुरूआत कर रहे हैं।

साय ने कहा कि आज से कुछ साल पहले तक गरीब परिवार के माता, पिता एवं उनके परिजनों के लिए बेटी की शादी कर उनका घर बसाना सबसे बड़ा चिंतनीय एवं कठिन कार्य होता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरूआत कर समाज के गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों के बेटे–बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का पुनीत कार्य किया गया है। इसके लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। साय ने कहा कि जब प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरूआत की गई थी उस समय नवविवाहित दंपत्ति को 05 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाती थी, आज इस राशि को बढ़ाकर 35 हजार रूपये कर दी गई है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सभी नवदंपत्तियों को विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर नव जीवन में प्रवेश करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस पल को सभी वर–वधुओं के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण एवं सुखद पल बताते हुए ईश्वर से नवदंपत्तियों के उज्ज्वल भविष्य एवं खुशहाल जीवन के लिए मंगल कामना भी की। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधने वाले नवदंपत्तियों को 35 हजार रूपये की सहायता राशि भी उनके खाते में अंतरित की जाएगी।

# मंदिरों में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद**

जिले में मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बालोद क्षेत्र एवं गुरुर थाना क्षेत्र में मंदिरों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नगदी राशि 3,666 रुपये बरामद की गई है। आरोपी पूर्व में भी मंदिर चोरी सहित कई मामलों में जेल जा चुका है।

■ पुलिस की अपील : अपने घरों एवं मंदिरों के आसपास सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं

मंदिरों ओर घरों में हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आटोपियों की तलाश के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में थाना प्रभारी वालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और सायबर सेल बालोद के सहयोग से आरोपी की तलाश शुरु की गई। जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम तमोटा स्थित राधाकृष्ण मंदिर, ग्राम तमोरा के श्रीराम मंदिर तथा ग्राम परसोदा स्थित शनि मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। ग्राम निपानी थाना व जिला बालोद निवासी आरोपी महेश यादव 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण के अनुसार 4 फरवरी की रात अज्ञात आरोपी ने ग्राम तमोरा स्थित राधाकृष्ण मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी को बाहर ले जाकर उसमें रखे लगभग 5,000 रुपये चोरी कर लिए थे। इसी रात ग्राम तमोरा स्थित श्रीराम मंदिर में दीवार फांदकर प्रवेश कर दान पेटी का ताला तोडकर करीब 7,000 रुपये की चोटी की गई थी। इसके अलावा 5–6 फरवरी की हात ग्राम पदसोदा स्थित शनि मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी से करीब 3,000 रुपये चोरी कर ली गई थी। इन तीनों मामलों में प्रार्थियों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु की गई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी महेश यादव को पकडकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की नगदी राशि 3,666 रूपये बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, आम्स एक्ट और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों और मंदिरों के आस पास सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, ताकि इस प्रकार प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई गाई जा सके और आरोपियों को शीघ्र पकडने में ▶▶ शेष पेज 13 पर



## मुख्यमंत्री साय से मिले भाजपा पदाधिकारी विधायक ललित के निवास पर हुई सौजन्य भेंट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा**

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर के निवास पर भाजपा पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट एवं मुलाकात की।

इस अवसर पर अंडा-निकुम मंडल के मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा तथा अंडा-निकुम मंडल के महामंत्री डिलेश गब्बर साहू उपस्थित रहे। भेंट के दौरान सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी एवं विधायक ललित चंद्राकर का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती और जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा सभी को निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने भी पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## मिलेट फसलों के पंजीयन में लापरवाही से किसान वंचित, कलेक्टर से की गई शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, नवा रायपुर द्वारा संचालित एकीकृत किसान पोर्टल में मिलेट फसलों कोदो, कुटकी, रागी आदि के पंजीयन को लेकर वन विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है।

■ प्रचार–प्रसार के अभाव में किसान एकीकृत किसान पोर्टल से वंचित, कोदो,कुटकी, रागी खरीदी पर संकट

पर्याप्त प्रचार-प्रसार के अभाव में किसानों तक योजना की जानकारी समय पर नहीं पहुंच सकी, जिसके कारण बड़ी संख्या में कृषक पोर्टल में पंजीयन से वंचित रह गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ द्वारा जारी संदर्भित पत्र दिनांक 04 अगस्त 2025 के अंतर्गत मिलेट फसलों की खरीदी हेतु पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित की गई थी, किंतु वन विभाग द्वारा न तो ग्राम स्तर पर सूचना दी गई, न ही पंचायत, समिति या अन्य माध्यमों से किसानों को जागरूक किया गया। परिणामस्वरूप किसान अपनी उपज बेचने हेतु जब विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाने लगे, तब उन्हें यह जानकारी मिली कि खरीदी के लिए पहले पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य था। स्थिति यह है कि विभाग द्वारा यह महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को अब 20 जनवरी 2026 के आसपास बताई जा रही है, जब अधिकांश किसान अपनी उपज पहले ही व्यापारियों को बेच चुके हैं। इससे शासन की जनकल्याणकारी योजना का उद्देश्य ही विफल होता दिखाई दे रहा है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान पुनेश्वर देवांगन ने बताया कि सरकार द्वारा समर्थन ▶▶ शेष पेज 13 पर

## गुरुर विकासखंड में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर**

विकासखंड में जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे के निगरानी में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन का आयोजन किया गया। जिसमे पार्शद नारायण

■ जनप्रतिनिधियों व स्वास्थ्य अधिकारियों ने दवा सेवन कर किया आगाज

टेके, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती, बीपीएम योगेश साहू, बीईटीओ केआर उर्वशा द्वारा दवा सेवन कर अभियान शुभारंभ किया गया।



उपस्थित जन समुदाय को खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया कि 10, 11 व 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थाओं, औद्योगिक संस्थाओं में दवा खिलाई जाएगी तत्पश्चात मितानिन द्वारा समुदाय स्तर 13 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक घर–घर भ्रमण कर दवा खिलाई जाएगी। विकासखंड गुरुर में योग्य समूह के संभावित जनसंख्या लगभग 132868 को दवा खिलाई जानी है, जिनके लिए 525 बूथ व 246 दल बनाया गया है, जिनका सतत प्रवेक्षण व रिपोर्टिंग हेतु 42 सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है, सामूहिक दवा सेवन इसलिए जरूरी है की हाथी पांव का बीमारी ला इलाज है, जो स्थाई रूप से लोगों को विकलांग बना देता है यह ला इलाज बीमारी है। इसलिए सामूहिक दवा सेवन से ही बीमारी से बचा जा सकता है, हाथी पाव के दवा सेवन हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड गुरूर सभी जनसमुदाय को अपील किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में निःशुल्क रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें जिला चिकित्सालय बालोद से पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर अजय साहू एवं टीम उपस्थित रहेंगे। आपके द्वारा किया गया ▶▶ शेष पेज 13 पर

## भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर पत्रकारवार्ता हुई

# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला : अजय चंद्राकर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद**

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा के पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने बजट को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की दशा और दिशा तय करने वाला है, जिसमें युवाओ, महिलाओं, किसानों और उद्योग जगत को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

अजय चंद्राकर ने कहा कि केंद्रीय बजट में उद्योग, एमएसएमई और व्यापार क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई अनुकूल प्रावधान किए गए हैं। आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रें को बढावा देने के लिए योजनाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक जिले में



महिला हॉस्टल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कदम प्रस्तावित किए गए हैं। वहीं किसानों की आय बढ़ाने, पशुपालन क्षेत्र में सब्सिडी और कृषि आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि महानगरों और शहरी क्षेत्रें के विकास को लेकर भी बजट में नए प्रावधान किए गए हैं, जिससे शहरों के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पत्रकारों द्वारा छत्तीसगढ़ में टमाटर उत्पादक किसानों और फूड प्रोसेसिंग प्लांट की संभावनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर चंद्राकर ने कहा कि यह विषय राज्य सरकार के बजट में शामिल किया जाएगा और किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

पत्रकारवार्ता के दौरान अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा राजनीतिक हमला भी बोला। उन्होंने मनरेगा योजना के नामकरण को लेकर कहा कि जब वे ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री थे, तब योजना का नाम छत्तीसगढ़ रोजगार गारंटी योजना रखा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में कांग्रेस नेताओं द्वारा छत्तीसगढ़ का नाम हटाने का विरोध किया गया, जिसके बाद योजना में महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को छत्तीसगढ़ की पहचान से हमेशा परेशानी रही है और वे नाम परिवर्तन के मुद्दे पर अनावश्यक राजनीति करते हैं। चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए 28 लाख मकानों का आकडा कांग्रेस नेता सही तरीके से लिखकर दिखा दें, तो वे उन्हें पुरस्कार देने को तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस को गरीब और मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने कवासी लखमा द्वारा बजट सत्र में शामिल होने के लिए विधानसभा में आवेदन देने के मामले पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और आवेदन की प्रक्रिया को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विषय विधानसभा से जुड़ा हुआ है और अंतिम निर्णय विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा। इस प्रेस वार्ता में लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने केंद्रीय बजट को देश के विकास और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

### रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज भिलाई में 14-15 को संभाग स्तरीय रोजगार मेला

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 14 एवं 15 फरवरी को रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज कोहका भिलाई में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य नूतन कुमार साहू ने बताया कि रोजगार मेले मे निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर–तकनीकी पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाग लेने वाले आवेदकों का ई–रोजगार पोर्टल की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन में पंजीयन एवं प्रोफाइल में शैक्षणिक जानकारी पूर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही संस्था में पंजीयन एवं मोबिलाइजेषन कार्यषाला का आयोजन 11 फरवरी को किया जाएगा। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ उक्त मोबिलाइजेशन कार्यशाला में उपस्थित होकर रोजगार मेला हेतु पंजीयन एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# गंदे पानी की 90% शिकायतें, नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइनों की वजह से

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदौर में गंदे पानी की सप्लाई के बाद हुई मौत और संक्रमण को देखते हुए दुर्ग निगम ने भी नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन को शिफ्ट करने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी 60 वार्डों में सर्वे किया जा रहा है, ताकि नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन की जानकारी मिल सके। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी में जारी है सुधार कार्य किए जा रहे हैं। निगम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में चिन्हित बड़े लीकेज को निरंतर सुधार कार्य किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## दुर्ग निगम ने शुरू किया मेंटेनेंस : 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी में जारी है सुधार कार्य

### फिल्टर प्लांट और पानी की टंकियों की सफाई का काम जारी

अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्थित 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के सैडिमेंटेशन टैंक की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य होली के पूर्व पूर्ण किया जाने जा लक्ष्य है। सभी टैंकों से जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले अंतिम छोर के घरों तक नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, जिन्हें पीएचई विभाग को गुणवत्ता जांच हेतु नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शहर के सभी हैंडपंपों के जल सैंपल भी लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है।गुणवत्ता ठीक नही होने पर उसे तत्काल बंद कर आवश्यकता अनुसार उस जगह टैंकर से जल आपूर्ति किया जाएगा।





### निगम के मुताबिक नालियों से गुजरे पाइप का होगा सर्वे प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजेंगे

जल विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गंदे पानी की लगभग 90 प्रतिशत शिकायतें हितग्राहियों के घरों तक जाने वाली पाइप लाइन के नाली से होकर गुजरने एवं लीकेज के कारण होती हैं। ऐसी शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित लाइन को डिस्कनेक्ट कर हितग्राही को नई पाइपलाइन बिछाने हेतु सूचित किया जाता है। नगर निगम द्वारा दुर्ग निगम क्षेत्र में विभिन्न नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइनों को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में जल प्रदूषण की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। तथा पाइन लाइन के कारण नालियों के जाम होने से गालियां एवं सड़को में गंदा पानी ओवरफ्लो होने की शिकायत से निजात मिल सके।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण के लिए एमआरडी क्षेत्र में वाटर कैनन

**भिलाई** । भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल की पर्यावरणीय स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करने तथा धूल नियंत्रण करने एमआरडी–एनएसबीवाई क्षेत्र में दो आधुनिक वाटर कैनन स्थापित किए गए हैं। इनमें से एक वाटर कैनन बीएफ डंप क्षेत्र में तथा दूसरा एनएसबीवाई क्षेत्र में स्थापित किया गया है। स्लैग हैंडलिंग एक धूल-प्रवण गतिविधि है, जिसके दौरान कर्मचारियों द्वारा पहले से ही डस्ट मास्क सहित अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) का नियमित उपयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वाटर कैनन की स्थापना एक उन्नत तकनीकी उपाय के रूप में की गई है, जिससे सेपरेटर संचालन, सामग्री प्रबंधन एवं सड़कों पर वाहनों की आवाजाही के दौरान उत्पन्न धूल को और अधिक नियंत्रित किया जा सकेगा। वाटर कैनन के माध्यम से धूल कणों के दमन से न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि दृश्यता बेहतर होने के साथ-साथ कार्यस्थल की समग्र सुरक्षा एवं स्वच्छता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक हरिश कुमार सचदेव ने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के साथ-साथ वाटर कैनन जैसे तकनिकी उपाय धूल नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

### जोन आयुक्त ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

**भिलाई**। नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क सहित उद्यान का निरीक्षण जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। स्थानीय नागरिको से मिलकर उनकी समस्या से अवगत हुए। जोन आयुक्त ने वैशाली नगर स्थित सिंधु भवन मार्ग में निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिको का मांग था कि सुगम यातायात हेतु सड़क बनाया जाये। जिसे देखते हुए नवीन सड़क निर्माण किया जा रहा है, इस सड़क के निर्माण से नागरिको को आवागमन में सुविधा होगी। समीपस्थ प्राइवेट समिति द्वारा सुन्दर नगर पार्क बनाया गया है, जिसका अवलोकन किया गया। स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर वहां की समस्या से अवगत हुए। उपस्थित नागरिको द्वारा उद्यान एवं सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था की मांग किया गया है, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह उपस्थित रहे।

## अवैध कब्जों के चलते धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही तालाब की जमीन


# नहर का पानी बंद, सूखने की कगार पर कोहका का हरि तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका स्थित हरि तालाब आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। नहर का पानी बंद किए जाने के बाद तालाब लगभग सूख चुका है। कभी क्षेत्र की पहचान रहा यह जलस्त्रोत अब बदहाली और उपेक्षा की तस्वीर बन गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले करीब 17 वर्षों से तालाब की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। नियमित जल आपूर्ति नहीं होने से तालाब का पानी धीरे-धीरे कम होता गया। जहां कभी पानी लबालब भरा रहता था, अब हालात यह हैं कि अधिकांश हिस्सा सूखा पड़ा है। तालाब सूखने का असर आसपास के जलस्तर पर भी पड़ा है। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। हैंडपंप और बोरवेल में पहले की तुलना में पानी कम निकल रहा है। इससे गर्मी के दिनों में जल संकट की आशंका और बढ़ गई है। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब सूखे तालाब को कचरा फेंकने की जगह बना दिया गया। तालाब परिसर और वहां तक जाने वाले रास्ते में खुलेआम कचरा डाला जा रहा है। प्लास्टिक, घरेलू कचरा और निर्माण सामग्री का मलबा यहां देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तालाब के आसपास कुछ लोगों ने अवैध निर्माण भी कर लिया है। धीरे-धीरे तालाब की जमीन सिकुड़ती जा रही है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में यह तालाब पूरी तरह नक्शे से गायब हो सकता है।

### 17 साल से बदहाल, जलकुंभी से अटा तालाब



### कभी लबालब रहता था हरि तालाब, अब सूखा और उपेक्षित

क्षेत्र के निवासी रमेश चन्द्र ने बताया कि कई वर्षों से हरि तालाब की कोई साफ-सफाई नहीं की गई है। धीरे-धीरे इसकी हालत दयनीय होती चली गई। उन्होंने बताया कि एक समय था जब यह तालाब पूरे साल लबालब भरा रहता था। बरसात के दौरान जब पानी अधिक हो जाता था तो ओवरफ्लो की स्थिति संभालने के लिए पाइप लाइन भी बिछाई गई थी। उस पाइप के माध्यम से अतिरिक्त पानी नाली में चला जाता था, ताकि आसपास के घरों में जलभराव न हो, लेकिन अब स्थिति बिल्कुल उलट है। तालाब में पानी ही नहीं आज वहां सूखी जमीन नजर आती है।



### तालाब परिसर बना नशेड़ियों का अड्डा दहशत का माहौल

वार्ड 13 कोहका स्थित हरि तालाब के आसपास अब असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। स्थानीय निवासी जयंती सेन और द्रुपद बाई देशमुख ने बताया कि शाम होते ही यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। मना करने पर वे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। निवासियों के अनुसार कुछ माह पहले शराब पीने से रोकने पर कुछ युवकों ने एक महिला पर प्राणघातक हमला भी किया था। घटना के बाद से इलाके में डर का माहौल है। स्थिति को देखते हुए कई लोगों ने अपने घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा लिए हैं।

# युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

अपनी पत्नी की बहन से शादी कर अलग रह रहे युवक ने गुण्डरदेही आकर रेल पटरी मे कुदकर अपनी जान दे दी। घटना मंगलवार की दोपहर की है बताया गया कि मृतक घनश्याम यादव 35 वर्ष ग्राम बटनहर्रा नगरी का द्रोपदी यादव के साथ शादी हुआ था।

शादी के बाद मृतक घनश्याम यादव अपनी ससुराली रिश्तेदारी में उनकी मौसी बड़ी के लड़की चंचल यादव जो रिश्तेदारी में साली थी। उनसे प्रेम प्रसंग हो गया और तीन साल पहले दोनो मंदिर मे शादी कर ली। उनके इस शादी से मृतक के पहली पत्नी व मां बाप व भाई को रास नही आया और दोनो को अलग रहने को कहा जहां मृतक घनश्याम यादव व उनकी दुसरी पत्नी चंचल यादव 28 वर्ष अपने गांव बटनहर्रा थाना नगरी से नरहरपुर कांकेर कमाने खाने चला गया जो मृतक धान मंडी मे आपरेटर का काम करता था। 10 फरवरी को मृतक व उनकी दुसरी पत्नी चंचल यादव अपने गांव बटनहर्रा आना चाहते थे। मगर मृतक की मां राधा बाई व परिजन घर नही आने मना कर दी। इधर दोनों पति पत्नी मंगलवार को दोपहर अपनी सफेद कार से गुण्डरदेही आकर रेल्वे फाटक के पास दोनो आत्महत्या करने ट्रेन का इंतजार कर रहे थे जैसे ही ट्रेन नजदीक आया मृतक अपनी पत्नी चंचल यादव को दुर धकेलकर खुद पटरी मे कुदकर जान दे दी। बताया गया कि मृतक तीन भाई मे सबसे बड़ा है और पहली पत्नी का तीन बच्चे भी है। उक्त घटना की जानकारी मृतक की पत्नी चंचल यादव ने थाना मे बताई। इधर घटनास्थल पहुंचे पुर्व विधायक राजेंद्र राय ने तत्काल शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुयरी भेजवा गया। वही गुण्डरदेही पुलिस ने कार को जप्त कर घटना की जांच शुरु कर दी है।

# सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए मंत्री गजेन्द्र यादव ने की 80 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- समाज की एकता, सहयोग और सेवा भाव को निरंतर आगे बढ़ाने का मंत्री संदेश

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इन आयोजनों के माध्यम से उन्होंने समाजजनों से संवाद किये और समाज की एकता, सहयोग और सेवा भाव को निरंतर आगे बढ़ाने का संदेश दिए। वहीं सामाजिक विकास से जुड़ी मांगों को पूर्ण करने 80 लाख रुपए की घोषणाएं भी की।

मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग के मोहन नगर स्थित संत गजानन महाराज मंदिर में आयोजित प्रगट महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने संत गजानन महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर सभी के शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड 12 में सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। इसके पश्चात दुर्ग राज ठेठवार यादव समाज द्वारा चंदखुरी में आयोजित युवक-



युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। सामाजिक आयोजन के अंतर्गत आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर की उन्होंने सराहना की। जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान करने वाले समाज के युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने इसे समाजहित में एक अनुकरणीय पहल बताया। कोसरिया मरार पटेल समाज के वार्षिक महोत्सव में उन्होंने मां शाकंभरी देवी की पूजा-अर्चना की तथा समाजजनों से संवाद करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में दो स्थान पर पटेल समाज के भवन निर्माण के लिए क्रमशः 20 और 30 लाख राशि की घोषणा भी किए।

## सेक्टर 9 अस्पताल की व्यवस्था में सुधार पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल प्रभारी चिकित्सा डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर से मिलकर सेक्टर 9 अस्पताल में चिकित्सको की संख्या बढ़ाने,मरीजो को हो रही परेशानी दूर करने और व्यवस्था सुधारने की मांग की। उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा कि अस्पताल में डाक्टरों की कमी से रेफरल मरीजों को परेशानी हो रही है। उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने आईसी यू के वेटिंग हाल में मरीजों के परिजन के लिए बैठने की व्यवस्था बेहतर करने कहा। वशिष्ठ वर्मा ने हृदय रोग विशेषज्ञ और अन्य रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर की संख्या बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ को बताया कि अस्पताल की व्यवस्था में पिछले कुछ सालों से निरंतर गिरावट आ रहा है। कई विभागों में चिकित्सा विशेषज्ञ और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। अस्पताल रेफरल सेंटर बन कर रह गया है। पदाधिकारियों ने जल्द व्यवस्था सुधारने व स्पेशलिस्ट डाक्टरों की नियुक्ति की मांग की, ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

## कोक ओवन व कोल केमिकल्स से हुई शुरुआत, उत्पादन की दी जानकारी



**भिलाई**। भिलाई इस्पात संयंत्र के जन सहभागिता कार्यक्रम 'आप भी जानिए' के सीजन–2026 कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के कर्मियों की पत्नियों की सहभागिता के साथ शुरु किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर तथा महाप्रबंधक संजय द्विवेदी उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया, कार्य प्रणालियों एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई।अतिथियों ने कहा कि सुरक्षा केवल कार्यस्थल तक सीमित न होकर पारिवारिक जागरूकता से भी जुड़ी हुई है तथा सुरक्षित कार्य - व्यवहार को बढ़ावा देने में परिवारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। संयंत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने ब्लास्ट फर्नेस 8, एसएमएस3, कोक ओवन बैटरियों तथा यूनिवर्सल रेल मिल का अवलोकन किया और विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। संवाद एवं फीडबैक सत्र में मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, महाप्रबंधक प्रभारी संजय बी. पाटिल, महाप्रबंधक मधुसूदन नायक, महाप्रबंधक पी शशिकांत तथा महाप्रबंधक प्रभारी दिलीप सामंतराय ने परिवारजनों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।

## शिक्षा सेवा नहीं बल्कि वसूली का गढ़ बना : राकेश ठाकुर

**दुर्ग**। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी भाजपा सरकार की छात्र-विरोधी सोच का जीवंत प्रमाण है। पांच साल बाद एक साथ परीक्षा शुल्क, आवेदन शुल्क, स्वाध्यायी छात्रों के पंजीयन एवं अनुमति शुल्क सहित करीब 22 मदों में बढ़ोतरी कर भाजपा सरकार ने शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग को वसूली का गढ़ बना रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पहले जहां बोर्ड परीक्षा, अंकसूची और प्रायोगिक शुल्क मिलाकर 460 रुपये लिए जाते थे, अब उसे बढ़ाकर 800 रुपये कर दिया गया है। आवेदन शुल्क 80 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये किया गया। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब प्रदेश का किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है। उन्बोंने कहा कि शिक्षामंत्री को छात्रों और अभिभावकों की तकलीफ नजर नहीं आ रही है या फिर वे जानबूझकर शिक्षा को अमीरों तक सीमित करना चाहते हैं। स्वाध्यायी छात्रों के पंजीयन शुल्क को 560 रुपये से बढ़ाकर 800 रुपये और राज्य से बाहर के छात्रों के लिए 1540 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करना यह साबित करता है कि शिक्षा मंत्री पूरी तरह असंवेदनशील हो चुके हैं। राकेश ठाकुर ने मांग की कि माशिमं द्वारा बढ़ाए गए सभी शुल्क तत्काल वापस लिए जाएं और 2021 से पहले की दरों को ही लागू रखा जाए जिससे किसी भी विद्यार्थियों के परिवार पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।



## भिलाई बचाओ अभियान : जनसंवाद में उठे सड़क-पानी-रोजगार के सवाल



**भिलाई**। भिलाई बचाओ अभियान के तहत सेक्टर-4 में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक देवेंद्र यादव ने सीधे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं सुनीं। कार्यक्रम का मकसद साफ था शहर की मूलभूत सुविधाओं और नागरिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को सामने लाना और उन्हें मजबूती से आगे बढ़ाना।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिहा ने अभियान की जरूरत और उसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि भिलाई के लोगों की आवाज को शासन और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाना ही इस अभियान की प्राथमिकता है। वरिष्ठ पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भी कहा कि किसी भी जनआंदोलन की असली ताकत जनता की भागीदारी से ही बनती है। जनसंवाद के दौरान भिलाई स्टील प्लांट से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। नागरिकों ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर चिंता जताई। प्रबंधन की नीतियों से रहवासियों को हो रही दिक्कतों को भी खुलकर सामने रखा गया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-3 के अध्यक्ष सौरव मिश्रा, पार्षद एकांश बंछोर, पार्षद राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा, इंटक महासचिव संजय साहू, पार्षद आदित्य सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-4 के अध्यक्ष सौरभ दत्ता और सुमित सिंह मौजूद थे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने क्राइम टीम की ली बैठक

# थाने के आरक्षकों को ए और बी नोटबुक का करना होगा संधारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- बुक का साप्ताहिक निरीक्षण थाना प्रभारी करेंगे


जिले के थाने में पदस्थ आरक्षकों को अब ए व बी नोटबुक का संधारण भी करना होगा। इसका साप्तहिक निरीक्षण थाना प्रभारी को करना होगा। एसएसपी विजय अग्रवाल ने क्राइम की बैठक में इसे लेकर निर्देश दिए। पुलिस कंट्रोल में हुई बैठक में एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि सभी थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों की अपराध की समीक्षा किया। बैठक में अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता, लंबित अपराधों, प्रकरणों की स्थिति, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई प्रशासनिक अनुशासन से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया। एसएसपी ने गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों में तुरंत निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने को कहा है। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन, गवाहों के कथन, तकनीकी साक्ष्य, वैधानिक प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाए। आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों, वारंटियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों, जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिए है। वहीं लंबित अपराधों, चालान, न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा है। बैठक में थाना प्रभारी प्रतिदिन प्रातः शाम में अनिवार्य रूप से थाना के गणना उपस्थित, स्थानीय स्तर पर जन-शिकायतों का तुरंत निदान, गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों की सूचना समय पर राजपत्रित अधिकारियों को दे, गंभीर प्रकृति के मामलों में थाना प्रभारी स्वयं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करे, सभी आरक्षक को ए-बी नोटबुक का संधारण करेंगे, साप्ताहिक निरीक्षण थाना प्रभारी द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा थाना प्रभारी थाना मुख्यालय में ही रात्रि मुकाम निश्चित करे, अवैध नशे, मादक पदार्थों, नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी पर कार्रवाई करने को कहा गया है।



**थानेदारों को ये भी हिदायत** : वर्तमान विधानसभा सत्र को दृष्टिगत रखते हुए बीट व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। बीटों प्रभारी को उचित दिशा निर्देश प्रदान किया जाएगा। पुलिस कार्यालय से प्राप्त पत्राचार का समय-सीमा में अवलोकन कर आवश्यक जवाब पेश किया जाए। नेफिस प्रणाली में को बीट सिस्टम के माध्यम से शत-प्रतिशत पालन किया जाए। गांजा अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ एनडीपीएस एवं आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जब्त सामग्री का नष्टीकरण कराया जाए। धारा 41(1-4) के अंतर्गत जप्त वाहनों और धारा 34(2) आबकारी के तहत शराब के नष्टीकरण की वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र निराकरण किया जाए। ई-चालान, ई-समन एवं ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन हो, लंबित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, मर्ग प्रकरणों का शीघ्र , विधिसम्मत निराकरण हो, रात्रि कालीन गश्त ड्यूटी का प्वाइंट बढ़ाने को कहा गया है।

## कन्या कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर हुआ व्याख्यान

**दुर्ग**। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना आवश्यक है। यह हमारे विचारों भावनाओं को प्रभावित करता है। अत्यधिक तनाव व काम के दबाव में हमारा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। अपने कार्यों की गुणक्ता बनाये रखने के लिए हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. वैभव शंकर सोनी ने कहा कि परीक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा से संबंधित डर को दूर करने के उपाय बताए। कड़ी मेहनत करें और अपने आत्म विश्वास को बनाए रखें। सकारात्मक मानसिकता हमें सफलता की ओर ले जाती है। शाश्वत तिवारी ने कहा- कि मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए दो बातों का ध्यान रखना चाहिए। नियमितता-जिसके अंतर्गत अपने सभी काम समय पर करें, सोशल मीडिया का अनावश्यक प्रयोग से बचें। प्रकृति से जुड़े और खानपान पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर वंदना बंजारे, दीपक ठाकुर तथा हिन्दी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं व अंग्रेजी की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता तिवारी व आभार प्रदर्शन ज्योति भरणे ने किया।



## खबर संक्षेप

### अमानत खयानतः महिला प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

**भिलाई।** अमानत खयानत मामले में पुलिस ने महिला प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रधान आरक्षक मोनिका सोनी गुप्ता ने 79 ग्राम सोने की जेवरात जब्त कर थाना परिसर में रखी थी। जिसे बाद में जेवरात गायब हो गई। पुलिस जांच में थाना में लगे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी महिला प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता पर संदेह हुआ। साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज किया। पीड़ित के शिकायत कर आरोप लगाया था कि मकान से चोरी सोने को जब्त करने के बाद गायब किया गया। पुलिस जांच में स्पष्ट होने के बाद गबन मोनिका गुप्ता ने ही किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। मोनिका गुप्ता पहले भी विवादों में रह चुकी है। छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया था। जांच में साबित हुआ था कि उसने एक व्यक्ति से उसकी बेटी को नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली। महिला प्रधान आरक्षक ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

### सड़क हादसाः बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को चपेट में लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर भिलाई-3 पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया। भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि ग्राम उमदा में सुरडुंग निवासी नीलेश कुर्रे बाइक से जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 5915 ने नीलेश को चपेट में लिया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शव मिलाः शिनाख्त हुई

**भिलाई।** बिजली नगर कॉलोनी भिलाई-3 स्थित खंडरनुमा क्वार्टर के बाहर एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया। भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम पोषण देवांगन बताया गया है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### गबनः कनिष्ठ सलाहकार गिरफ्तार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्र-छात्राओं के साथ ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 9.44 लाख रुपए की राशि का गबन होना पाया गया। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय की पीएचडी शाखा में कार्यरत कनिष्ठ सलाहकार सुनील कुमार प्रसाद ने शोधार्थियों से नकद राशि लेकर फर्जी फीस रसीद थमा दिया था। पुलिस ने एचएससीएल कॉलोनी रूआबांधा निवासी सुनील कुमार प्रसाद को पकड़ा गया। उसे जेल भेज दिया गया।

## निधन

### महावीर भास्कर



**बालोद।** ग्राम ठेमाबुजुर्ग निवासी महावीर भास्कर 65 वर्ष का स्वर्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, वे झुमुकलाल भास्कर, राममिलन भास्कर, पंचराम भास्कर के भाई थे।

### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शंकर लाल साहू पिता मनबोध साहू निवासी ग्राम श्यामतराई, तह. व जिला धमतरी के द्वारा महेश राम सिन्हा पिता केशो राम सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम कोरर तह. भानुप्रतापपुर जिला कांकेर के नाम पर कृषि भूमि ग्राम दर्रा तह. गुरूर जिला बालोद में स्थित खसरा नं. क्रमशः 77/7, 112/9, 112/10 रकबा क्रमशः 0.27, 0. 32, 0.44 हे. कुल रकबा 1.03 हे./2.57 एकड़ को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक/विभाग आदि को उक्त सौदे को लेकर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त जमीन पर किसी का हक दावा रखता हो तो प्रकाशन दिनांक से 10 दिन के अंदर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि समाप्ति के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति शुन्य एवं अवैध माना जावेगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
दिव्यांशु साहू अधिवक्ता
तहसील कार्यालय धमतरी
जिला धमतरी
मो.नं. 99774 05947

---

**बैठक : जनसमस्या निवारण शिविरों में सभी विभाग एक मंच पर**

# कलेक्टर ने जारी किए सख्त निर्देश, अब मंगलवार व बुधवार को दफ्तरों में अनिवार्य रूप से उपस्थिति रहेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश
- लंबित नस्तियों के त्वरित निराकरण पर रहेगा विशेष फोकस

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने हेतु सभी अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को कार्यालय में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार अपने–अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यालयीन नस्तियों का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम जनता के समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार क्षेत्रीय निरीक्षण और बाह्य कार्यों के संपादन हेतु गुरूवार एवं शुक्रवार के दिन दौरा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी विभाग प्रमुखों को कार्य योजना बनाकर शासकीय कार्यों का सफल क्रियान्वयन एवं निर्धारित समयावधि में शासकीय कार्यों का संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य सचिव विकासशील द्वारा अगले सप्ताह से प्रदेश के प्रत्येक जिलों का दौरा कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्य सचिव के दौरा कार्यक्रम हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने सोमवार 16 फरवरी को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पटेली एवं 26 फरवरी को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कमकापार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण आयोजित करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में शामिल होने के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी एक साथ संयुक्त जिला कार्यालय से सुबह 09 बजे बस से प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के लिए कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी अपने शासकीय एवं निजी वाहन का उपयोग नही करेंगे। सभी अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय से एक साथ बस के माध्यम से ही जनसमस्या निवारण शिविर में पहुँचेंगे। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को जन समस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने शिविर में शामिल होने वाले गांवों के मांगों एवं आवश्यकताओं को संकलित कर इसके लिए समय पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने ई–जिला प्रबंधक को शिविर में आधार कार्ड बनाकर उनका वितरण सुनिश्चित करने, श्रम विभाग के अधिकारियों को अपने विभागीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों के राशियों का भुगतान तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व संबंधी आवेदनों के निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियो को जन समस्या निवारण शिविरों में नन्हें–मुन्हें बच्चों का अनिवार्य रूप से अन्नप्राशन कराने तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनिवार्य रूप से हितग्राहियों का आयुष्मान एवं वय वंदन कार्ड बनाने के अलावा खाद्य विभाग के अधिकारियों को शिविर में राशन कार्ड बनाने तथा राशन कार्ड में नाम जुड़ाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आयोजित सभी जनसमस्या निवारण शिविरों में आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित गांवों से जानकारी प्राप्त कर उन्हें सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि सोमवार 16 फरवरी को ग्राम पटेली में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर के अवसर पर चावल उत्सव का भी शुभारंभ किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने–अपने अनुभाग में स्थित शासकीय अस्पतालों में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रें के विस्तार पर प्रतिबंध लगाने हेतु ततकाल आदेश जारी करने को कहा। कलेक्टर ने गुरूर विकासखण्ड के नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय में 13 से 15 फरवरी तक सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट आयोजित करने की जानकारी दी। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी को इस तीन दिवसीय इको एडवेंचर फेस्ट में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने बैठक में उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु सड़क के किनारे विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों की समस्याओं निराकरण हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु की जा रही कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन, उत्खनन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

---

## क्षेत्र में आम के पेड़ों पर छाया बौर किसानों के लिए उम्मीदों की खुशबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- पिछले वर्षों की तुलना में अधिक बौर ग्रामीण अंचलों में बौर को माना जा रहा शुभ संकेत

इस वर्ष क्षेत्र में आम के लगभग सभी पेड़ों पर अत्यधिक मात्रा में बौर आने से वातावरण में उल्लास और उम्मीदों की नई किरण दिखाई दे रही है। चारों ओर आम के बगीचों में फैली सुगंध और पीले-सफेद पुष्पों से सजी डालियाँ मन को प्रफुल्लित कर देने वाला दृश्य प्रस्तुत कर रही हैं। किसानों, बागवानों और आम प्रेमियों के लिए यह दृश्य किसी उत्सव से कम नहीं है। इस वर्ष अनुकूल मौसम, संतुलित तापमान, पर्याप्त नमी और समय पर हुई हल्की ठंड ने आम के पेड़ों में बौर की बेहतर वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार बौर की संख्या कहीं अधिक देखी जा रही है, जिससे अच्छी पैदावार की संभावना प्रबल हो गई है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी प्रकार अनुकूल बना रहा और कीट-रोगों का प्रकोप नहीं हुआ, तो इस वर्ष आम की पैदावार रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच सकती है। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय बाजारों में भी आम की आवक बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर स्वादिष्ट फल उपलब्ध होंगे।

ग्रामीण अंचलों में आम के पेड़ों पर आए इस प्रचुर बौर को शुभ संकेत माना जा रहा है। यह प्राकृतिक सौंदर्य जहाँ मन को आनंदित कर रहा है, वहीं आने वाले समय में समृद्धि और खुशहाली का संदेश भी दे रहा है। लोग अब बेसब्री से उस समय का इंतजार कर रहे हैं, जब ये बौर रसीले आमों में बदलकर हर घर की मिठास बनेंगे।

## बिहरीकला में मरार पटेल समाज का सामूहिक आदर्श विवाह के साथ प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**बालोद।** जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी बिहरीकला मे छ.ग. मरार पटेल समाज अम्बागढ़ चौकी राज द्वारा सामुहिक आदर्श विवाह एंव स्नेह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयोजक छ.ग.सर्व समाज संगठन, प्रदेश प्रमुख सलाहकार मरार पटेल महासंघ ब्रम्ह देव पटेल सम्मिलित हुए। उन्होने मरार पटेल समाज मे सकारात्मक सोच रखने एंव समाज के प्रति समर्पित राज अध्यक्ष देवकुमार पटेल सहित सभी पदाधिकारियों को सामुहिक आदर्श विवाह करने एंव प्रतिभा सम्मान आयोजन करने के लिए प्रात्साहित किया।



## राज्य पेंशनर समाज की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की मासिक बैठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में संपन्न हुआ। बैठक में अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी, जिलाध्यक्ष जीकेसाहू, उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया ने विचार व्यक्त किए।

छत्तीसगढ पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव ने आय व्यय विवरण प्रस्तुत किए, उन्होने कहा कि सायबर क्राइम से बचे, एटीएम कार्ड बनवा ले, गोपनीय नम्बर को किसी को न बताए, चेक बुक से भी राशि अपहरण कर सकते हैं, बस सेवा के लिए जिला परिवहन अधिकारी से सम्पर्क कर पास बनवाया जा सकता है, सामान्य पेंशनर 15 लाख एवं परिवार पेंशनर 5 लाख तक बैंक से लोन प्राप्त कर सकते हैं, 80 वर्ष पर 20 प्रतिशत, 85 वर्ष पर 30 प्रतिशत, 90 वर्ष पर 40 प्रतिशत, 95 वर्ष पर 50 प्रतिशत, 100 वर्ष 100 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की पात्रता है। बैंकिंग संबधी जानकारी दिया गया। वक्ताओं ने कहा स्वस्थ रहने के लिए योग और व्यायाम कीजिए, 3 प्रतिशत डीए. कम प्राप्त हो रहा है, इसे प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जा रहा हैं। नवीन पेंशनर गजानंद सिंहा का अभिनन्दन किया गया, मार्च माह का जिला स्तरीय बैठक गुण्डरदेही तहसील में एवं अप्रैल माह का मासिक बैठक गुरुर तहसील में आयोजित होंगें। 8 वे वेतन आयोग के अनुशंसा पर संभावित लाभ पर चर्चा किया गया। पेंशनरों के समस्याओं के समाधान पर विचार व्यक्त किए गए। बैठक के गतिविधियों का संधारण ज्ञानिकराम साहू ने किया। बैठक का संचालन सचिव गांधीराम साहू ने किया, मंतराम राजपुरिया के आभार प्रकट किया।

## तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से मवेशी घायल



**गुण्डरदेही।** तेजरफ्तार वाहन ने मवेशी को ठोकर मार दिया। जिसकी जानकारी लगते ही गौ सेवक की टीम मौके पर पहुंचकर घायल गौ माता के उपचार की व्यवस्था की गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खप्परवाड़ा मेनरोड़ के पास अज्ञात तेजरफ्तार अज्ञात वाहन ने मार्ग किनारे बैठे मवेशी को ठोकर मार दिया, जिससे मवेशी घायल हो गया, जिसकी जानकारी लगते ही गुण्डरदेही के गौ सेवको की टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त घायल गौ माता के उपचार के लिए वाहन मंगाकर घायल गौ माता को उपचार के लिए वाहन के माध्यम से पशु चिकित्सालय लाकर उनका इलाज कराया गया।

## भाजपा पार्षदों ने लगाया आरोप, कहा-महापौर भ्रष्टाचार के ज्ञाता, खा गए करोड़ों के पेवर ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी भाजपा विधायक एकजुट हो गए हैं। सभी ने निगम के परियोजना शाखा में हुए 12.66 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेजों के साथ नगरीय निकाय मंत्रालय में इसकी शिकायत की और आयुक्त राजीव पाण्डेय को यहां से हटाने की मांग की।

इसी मुद्दे को लेकर भिलाई भाजपा की तरफ से एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें दुर्ग जिले के प्रभारी और पूर्व भाजपा विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती मुख्य रूप से भाजपा विधायकों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा पार्षद संतोष मौर्य ने मीडिया को बताया कि परियोजना विभाग में करोड़ों का पेवर ब्लॉक घोटाला हुआ है। महापौर और आयुक्त ने मिलकर आम जनता के हक पर डाका डाला है।

उन्होंने कहा कि उनके पास पेवर ब्लॉक घोटाला से जुड़े दस्तावेज की पूरी फाइल है। इसकी शिकायत वो राज्य सरकार तक से कर चुके हैं। भाजपा पार्षद महेश वर्मा ने कहा कि इस भ्रष्टाचार के लिए मूख्य रूप से उत्तरदाई परियोजना विभाग की ईई विनीता वर्मा हैं। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शासन को जो योजना से जुड़ी फाइल स्वीकृति के लिए भेजी, स्वीकृति मिलने के बाद उसका काम मनमाने तरीके से आयुक्त, महापौर और कुछ खास लोगों के इसारे पर किया। बिना स्वीकृति लिए स्थल परिवर्तन कर मननाने तरीके से कहीं पेवर ब्लॉक लगाए गए तो कहीं बिना लगाए ही पैसा निकाल दिया गया। वर्ता में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, वरिष्ठ भाजपा पार्षद पीयुष मिश्रा, जालंधर, मुकेश अग्रवाल, वीणा चंद्राकर, स्मिता दोड़के सहित भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रमोद सिंह और राम उपकार तिवारी सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### मंदिरों में चोरी करने ...

सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में चोरी की घटनाओं पर अकक्ष लगाने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जाती रहेगी।

### मिलेट फसलों के पंजीयन में ...

मूल्य पर कोदो, कुटकी, रागी जैसी मिलेट फसलों की समय पर खरीदी की घोषणा की गई थी, लेकिन वन विभाग की निष्क्रियता, उदासीनता और प्रचार-प्रसार की कमी के कारण यह योजना ज़मीन पर लागू नहीं हो सकी। सवाल यह उठ रहा है कि जब योजना बनी थी, तो किसानों तक सूचना पहुंचाने की जिम्मेदारी किसकी थी और इस गंभीर चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी कौन हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने कलेक्टर को जनदर्शन के माध्यम से 10 फरवरी मंगलवार को की गई है। अब देखना यह है कि कलेक्टर के द्वारा इस विषय पर क्या निर्णय लिया जाता है। क्षेत्रीय किसानों व जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए तथा किसानों के हित में एकीकृत किसान पोर्टल को पुनः खोला जाए, ताकि कोदो, कुटकी, रागी सहित अन्य मिलेट फसलों का पंजीयन कर समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जा सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी उपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर नहीं की जाती है, तो क्षेत्र में व्यापक आक्रोश फैल सकता है और जन आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं, बल्कि सीधे-सीधे किसानों के अधिकारों और उनकी आजीविका से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है।

### गुरुर विकासखंड में ...

रक्त दान किसी के जीवन बचा सकती है, यह एक पुण्य का कार्य व उपकार है जो भी इच्छुक जन रक्त दान करना चाहते वे प्रातः 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में अपना पंजीयन कराकर इस पुण्य के काम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### सियादेवी जलाशय में 13 से ...

रोजगार तथा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल है।

## शिव महापुराण कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



- ग्रामवासियों व महिलाओं की रही सक्रिय सहभागिता

ग्राम बासीन बटरेल जामगांव आर में कथा वाचक पंडित चेलादास वैष्णव द्वारा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संगीतमय प्रवचन किया तथा शिव महापुराण की कथा का समापन सोमवार को हुआ। जामगांव आर निवासी नारद देव साहू के प्रयास से प्रातः कालीन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ संध्या में शिव महापुराण कथा के माध्यम से शिव जी की महिमा पर व्याख्यान हुआ।

भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग पूजा का संकल्प लिया। इस महायज्ञ में हेमेंद्र सेंगर, सोमनाथ साहू, लोमेश चंद्राकर, सुरेंद्र चंद्राकर, मोती राम साहू, अश्वनी पांडे, गजपाल साहू, विमल साहू, देवेन्द्र साहू, नरेन्द्र साहू, रेवाराम साहू, पवन यादव, राकेश कश्यप, देवकुमार साहू, मलेश कुमार साहू, बलराम साहू, चेतन साहू, सीताराम साहू, रामनाथ यादव, भारत पटेल, उमेश कुमार यादव, गोरेलाल यादव, थानसिंह देवांगन, मनसुखा साहू, मोहन लाल साहू, कुंवर लाल साहू, पंचराम साहू, लतेल मार्कण्डेय, मनोहर साहू, छोटू देशलहरे, खिलेश्वर साहू, मदनलाल साहू, घनश्याम साहू, पूनमचन्द साहू, मन्नू यादव एवं बहनों में भारती साहू, फूलबाई साहू, त्रिवेणी डहरे, केशरी कश्यप, बिंदु, माहेश्वरी साहू, रूखमणि चंद्राकर, द्रौपदी यादव, सुशीला साहू, संगीता साहू, फाल्गुनी साहू, अनुसुइया साहू, जयंती बंजारे, कुमारी साधना साहू, कुमारी जागृति साहू, कुमारी सुमन यादव, कौशिल देशलहरे एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नौकरी लगाने के नाम ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज हुआ है। सुपेला पुलिस ने बताया कि देवगहन अर्जुंदा जिला बालोद निवासी मिथलेश कुमार ने शिकायत में बताया कि भाजपा नेता सक्षम नगर, कोसानाला निवासी जय प्रकाश यादव ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 16 लाख रुपए वर्ष 2021-22 में लिया था। पीड़ित के गांव में जय प्रकाश यादव का आना जाना था। जेपी यादव के झांसे में आकर पीड़ित ने अपनी पुस्तैनी कृषि भूमि बेचक, केसीसी लोन निकालकर किस्तों में जेपी को रकम दिया था। धनेवरी साहू स्टाफ नर्स 4 लाख, कीमा सब इंस्पेक्टर 4 लाख, डोमेश्वर कुमार सब इंस्पेक्टर 3 लाख, मनोज कुमार प्यून 2 लाख, महेश कुमार से जी.डी. कॉस्टेबल के लिए 2 लाख, विशेष दास प्यून 1 लाख रुपए लिया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ गुण्डरदेही की ब्लॉक कार्यकारिणी का किया गठन

**गुण्डरदेही।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ गुण्डरदेही का ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलता साहू, महिला उपाध्यक्ष मोनिका सिन्हा, सचिव कमलेश सिन्हा, सह सचिव हेमेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नरसिंह साहू, मीडिया प्रभारी चन्द्रप्रकाश साहू, प्रचार प्रसार सुदर्शन साहू, अमित वर्मा, प्रवक्ता नोहर सिन्हा, सक्रिय सदस्य दयानन्द ठाकुर, संतोष साहू, ललित देश लहरे, सत्यवती चंद्राकर को बनाया गया। जिला पदाधिकारी राधेश्याम मंडावी, कमलेश ठाकुर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति मे चुनाव संपन्न हुआ।

### जिला सेन समाज बालोद की बैठक बंजारी धाम जुगेरा में कल होगा

**बालोद।** जिला सेन समाज बालोद के विभिन्न विषयों के चर्चा एवं निराकरण हेतु बैठक 12 फरवरी गुरुवार को 12 बजे बंजारी धाम जुगेरा में रखा गया है। बैठक में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, ब्लाक अध्यक्ष एवं इकाई अध्यक्ष उपस्थित होंगे, बैठक में समाज के नियमावली, 14 अप्रैल को सेन जंयती कार्यक्रम एवं अन्य विषयों पर गहन विचार विमर्श किया जावेगा। बैठक प्रदेश अध्यक्ष पुनित सेन के आतिथ्य में व जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक के अध्यक्षता में होगी। जिला सचिव रामकुमार श्रीवास ने अपेक्षित पदाधिकारीयो को बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होने की अपील किया है।

### सिलौदा में दो दिनी कबड्डी प्रतियोगिता 13 फरवरी से

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिलौदा में न्यू उत्साही मंडल एवं समस्त ग्रामवासी सिलौदा के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 13 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर. एस. पांडे होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसुइया नारायण साहू, सरपंच खपरी सिलौदा द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथियों में रामायण सिंह पंवार (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सिलौदा), नंदकुमार साहू (जनपद सदस्य), प्रदीप धुर्वे, उदय दत्ता , बालकिशन निषाद (सरपंच प्रतिनिधि रमसदा) एवं बसंत निषाद (सिलौदा) शामिल रहेंगे। वहीं समापन समारोह 14 फरवरी 2026 को संपन्न होगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश पंवार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण साहू, पूर्व सरपंच खपरी सिलौदा द्वारा की जाएगी। समारोह में जीवनलाल यादव, महेंद्र यादव, नोहर निषाद, नंदकुमार निषाद, राजेश पंवार एवं मनोज पंवार (सभी सिलौदा) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र की समस्त खेल टीमों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## शुभारंभ

### दवा सेवन कर दिया जागरूकता का संदेश

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में फाइलेरिया मुक्त उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत गंजपारा बालोद स्थित पोहा मिल में आज आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अवसर पर बालोद जिले को फाइलेरिया मुक्त करने हेतु सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अतिथियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित आम नागरिकों एवं अधिकारी–कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से फाइलेरिया की दवाई खाकर जिलेवासियों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से फाइलेरिया की दवाई खाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर फाइलेरिया उन्मूलन हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया। कलेक्टर मिश्रा ने जिलेवासियों से फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदत्त दवाओं का अवश्य सेवन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर–घर जाकर लक्षित आबादी को दवा खिलाई जाएगी।

इसके साथ ही कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त आवश्यक तैयारियाँ सुनिष्चित की गई हैं। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, मैदानी अमला एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से अभियान को सफल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके, अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### वनांचल के विद्यालय में फाइलेरिया व क्रीमी रोग से बचाव के लिए औषधि वितरण



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में मंगलवार को स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से फाइलेरिया एवं क्रीमी रोग से बचाव हेतु औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पल्लवी साहू (नर्स) द्वारा लगभग 140 छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया एवं क्रीमी से संबंधित दवाइयाँ खिलाई गईं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनस्वास्थ्य योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को फाइलेरिया जैसे संक्रामक रोग से सुरक्षित रखना है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस बीमारी से संक्रमित न हो। यह अभियान शासन द्वारा जनस्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में की गई एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर निर्भय भंडारी (जनपद सदस्य एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष), हेमलता विश्वकर्मा (सरपंच, किल्लेकोड़ा), अजय मुखर्जी (प्राचार्य), डॉ. बी.एल. साहसी (व्याख्याता), जे.पी. बांधव (व्याख्याता), हेमेन्द्र साहू (व्याख्याता), घनश्याम पटेल (व्याख्याता), ललित देवहारी (क्लर्क), मुक्ति , त्रिजला ठाकुर (स्वास्थ्य प्रभारी), खगेश ठाकुर (क्लर्क), कुशल देवदास सहित विद्यालय स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि यह शासन की एक सराहनीय व्यवस्था है, जिसके माध्यम से लोगों का जीवन सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है तथा संक्रामक रोगों से बचाव संभव है। वहीं डॉ. बी.एल. साहसी ने कहा, धन गया तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो बहुत कुछ गया, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को फाइलेरिया व क्रीमी रोग से बचाव हेतु दवाइयों का नियमित सेवन अवश्य करना चाहिए। विद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता एवं रोग-निरोधक अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिससे छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# भरदा में ऐतिहासिक महाशिवरात्रि मेला 14-15 फरवरी को





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग विकासखंड का एक प्रसिद्ध महाशिवरात्रि मेला ग्राम भरदा में 6 गांव के संयुक्त उपक्रम से लगातार होते आ रहा है। सन 1956 में तत्कालीन ग्राम प्रमुखों के सौजन्य से मेला का आयोजन प्रारंभ किया गया।जिसमें मुख्य रूप से उमेंद्र सिंह भारदीय भरदा, उदयराम भारदीय भरदा, भीषम सिंह देशमुख चंगोरी, गजपति देशमुख चंगोरी साथ ही अछोटी, आलबरस, ख़ांड़ा, रूदा के सभी सज्जनवृंद शामिल हुए ।

सभी ने मिलकर भरदा बगीचा चंगोरी घाट में दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन प्रारंभ किया जो फाल्गुन कृष्ण पक्ष तिथि 12 व 13 को संपन्न होता है। इस वर्ष 14 फरवरी को शिवनाथेश्वर महादेव का अभिषेक सत्यनारायण व्रत कथा एवं आरती प्रसाद का वितरण होगा, 15 फरवरी को भक्तजनों द्वारा शिवनाथेश्वर महादेव की पूजा अर्चना मेला-मंडई का आयोजन होगा। शिवनाथ तांदुला साथ ही खरखरा नदी के त्रिवेणी संगम के बीच शिवलिंग की स्थापना हुई थी इस वर्ष तटबंध निर्माण व पर्याप्त जल भराव के कारण संगम में स्थित शिवनाथेश्वर मंदिर जलमग्न हो गए हैं। उसके प्रतिरूप नदी के किनारे शिवनाथेश्वर महादेव मंदिर में यह पूजा संपन्न होगी संगम की महत्ता के कारण सभी श्रद्धालुओं की आस्था यहां जुड़ी हुई है। इस अवसर पर ग्राम भरदा, चंगोरी आलबरस, खाड़ा में मेला आयोजन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होता है। आप सभी श्रद्धालुजन पावन संगम में स्नान कर शिवनाथेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें और मेला का आनंद लें । यह जानकारी महाशिवरात्रि मेला समिति भरदा द्वारा दी गई।

# गणेश मंदिर में नवनिर्माण उपरांत चार दिनी पूजन अनुष्ठान प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम कोलिहामार गुरूर के मध्य स्थित ऐतिहासिक गणेश मंदिर के नवनिर्माण के बाद चार दिवसीय पूजन अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस शिवलिंग, भगवान श्रीराम, श्री हनुमान जी की मूर्तियो का जलाधिवास एवं अन्नाधिवास कराया गया। अनुष्ठान के द्वितीय दिवस मंगलवार को भगवान श्री राम जानकी लक्ष्मण व महाबली हनुमान जी की प्रतिमाओ को पुनः स्थापित किया गया। नवनिर्मित शिवलिंग का फलाधिवास के साथ शयन कराकर पूजन के साथ द्वितीय दिवस का अनुष्ठान संपन्न हुआ।

बुधवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ वृहद अनुष्ठान प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा जो देर शाम तक संचालित होगा। गुरूवार को हवन के साथ पूर्णाहुति होगी व प्रसादी भण्डारा होगा। समस्त अनुष्ठान आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में पंडितो की टीम द्वारा किया जा रहा है।

## कबीर संत समागम समारोह का भव्य आयोजन आज

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम रानीतराई (कि), तहसील देवरी बंगला, में श्री सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह का भव्य आयोजन आज किया गया है। यह आयोजन कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा से पधार रहीं परम पूज्यनीय सुलक्षणा माता साहिबा जी के सान्निध्य में संपन्न होगा। आयोजन की शुरुआत प्रातः 7 बजे दीप प्रज्ज्वलन, निशान पूजा, गुरु महिमा पाठ एवं भजन-सत्संग से होगी। दोपहर 1 बजे से परम पूज्यनीय सुलक्षणा माता साहिबा जी के आगमन पर भव्य कलश यात्रा एवं बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे से माता साहिबा के श्रीमुख से आशीर्वचन एवं सामूहिक भेंट-बंधनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संत समागम समारोह में कबीर पंथ के संत-महात्माओं द्वारा भजन, सत्संग एवं प्रवचन के माध्यम से मानव जीवन में सदाचार, सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें एवं अपने जीवन को सफल बनाएं। कार्यक्रम का आयोजन आमीन माता महिला मंडल, कबीर पंथ समाज एवं समस्त ग्रामवासी रानीतराई (कि) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, समाजजनों एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# पीएम श्री स्कूल विनायकपुर में हुआ वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कक्षा पहले से लेकर 12वीं तक के सभी विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन ललित चंद्राकर विधायक विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या दुर्ग के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अजीत चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग,श्रद्धामयी मिश्रा प्राचार्य, योगेंद्र दिल्लीवार सरपंच ग्राम पंचायत विनायकपुर दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी सरपंच ग्राम पंचायत आमटी,शशि ठाकुर उपसरपंच, मोतीलाल मारकंडे अध्यक्ष एसएमडीसी, जगन्नाथ देवांगन अध्यक्ष त्रेता चंद्राकर सलाहकार सुरेश साहू, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला की विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न संस्कृतियों को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ,भारत की संस्कृति एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति ऑपरेशन सिंदूर को दर्शाया गया। वार्षिक उत्सव के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि की अआसंदी से ललित चंद्राकर ने जन समुदाय का आव्हान किया कि माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं इसलिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार घर से ही प्रदान करें। विशेष अतिथि की आसंदी से प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में बच्चों की महती भूमिका है। बच्चे देश के भविष्य हैं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन टीकेन्द्र चन्द्राकर प्रधान पाठक पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर ने किया।

# बम्हनी में दो दिनी मानस गान प्रतियोगिता हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

आशीर्वाद युवा मंडल एवं ग्रामवासी बम्हनी द्वारा दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के कई जिलों से मानस गान मंडलियों ने संगीतमय प्रस्तुति देकर धार्मिक मंच के साथ पूरे गांव में राम नाम की गंगा बहा दी। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार सरस्वती मानस मंडली बोरी धमधा, द्वितीय जय चंडी मानस मंडली पेडरवाणी, तृतीय जय शीतला मानस परिवार केसली, चतुर्थ जय अंबे मधुर मानस मंडली सलोनी खैरागढ़, पंचम अजानेय मानस परिवार चौकी मोहला, षष्ठम शिव शक्ति मानस परिवार सलोनी रायपुर व सप्तम पुरस्कार राम रस मानस मंडली मोगरा धमतरी ने प्राप्त किया। वही महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार शिव प्रिया कन्या मानस परिवार रुवातला, द्वितीय जय मां परमेश्वरी मानस मंडली कोटेरा बालोद, तृतीय हरि महिला मानस परिवार मुड़ागांव छुरा, चतुर्थ जय सरस्वती महिला मानस मंडली कोकड़ी धमतरी, पंचम चेतना बालिका मानस मंडली थूहा नवागांव ने प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच चीरचार कचरा बाई साहू, उपसरपंच चुकेश्वर साहू, जनपद सदस्य टुकेशवरी भूपेंद्र साहू, ग्राम पटेल रामसाय देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपसरपंच चुकेश्वर साहू ने कहा मानस गान की प्रस्तुति गांव गांव में प्रस्तुत कर धर्म की राम नाम संकीर्तन की गंगा बहा रहे है, इस तरह के आयोजन से धर्म का प्रचार हो रहा है। वही समिति अध्यक्ष कुलदीप पटेल ने कहा इस मानस गान प्रतियोगिता में सुमधुर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस पर सभी प्रतियोगिता में प्रतिभागी व अतिथियों एवं ग्राम वासियों को आभार व्यक्त किया।

# टटेंगा स्कूल में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी देने के उद्देश्य से एक मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को दी गई आवश्यक जानकारी
- पढ़ाई को बोझ नहीं, रुचि से करने की सलाह



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी, अच्छे अंक प्राप्त करने की रणनीति तथा परीक्षा के दौरान खान-पान एवं आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर.के. देवांगन ने यूट्यूब के माध्यम से प्रेरक फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त किया। उन्होंने अपने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई को कभी भी बोझ न समझें, बल्कि स्वेच्छा और रुचि के साथ अध्ययन करें, तभी सफलता स्थायी और सार्थक होती है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने बोर्ड परीक्षा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी विद्यार्थी को प्रश्नपत्र देखकर घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि उत्तर पुस्तिका में लाल एवं हरे स्याही का प्रयोग कभी न करें, केवल नीली स्याही का उपयोग करें तथा एक ही पेन से पूरा पेपर लिखना चाहिए। व्याख्याता पवन सिन्हा ने विद्यार्थियों को परीक्षा उपरांत मानसिक संतुलन बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि पेपर कैसा भी जाए, परीक्षा केंद्र से बाहर निकलने के बाद कोई भी गलत कदम न उठाएं। अपने मित्रों एवं परिवारजनों से बातचीत कर मन हल्का करें तथा अगले पेपर पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को दूसरों से तुलना न करने और हल्का शारीरिक व्यायाम करने की भी सलाह दी। व्याख्याता रेशमी साहू ने परीक्षा तैयारी पर जोर देते हुए कहा कि पुराने प्रश्नपत्रों एवं सीबीएसई/माध्यमिक बोर्ड के सैंपल प्रश्नपत्रों को बार-बार हल करना चाहिए तथा निरंतर अभ्यास व पुनरावृत्ति से आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लिखकर अभ्यास करने की विशेष सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे व्याख्याता अजय पाठक ने भोजन एवं नींद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परीक्षा के समय हल्का, पौष्टिक एवं घर का बना भोजन करना चाहिए। नारियल पानी, नींबू पानी एवं फलों के जूस का सेवन लाभकारी होता है, जिससे थकान एवं सिरदर्द से बचाव होता है। उन्होंने पर्याप्त नींद लेने को भी अत्यंत आवश्यक बताया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के साथ वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, चंद्रा देबनाथ, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### जनप्रतिनिधियों व पंचायत पदाधिकारियों की सहभागिता रही

# चिल्हाटी खुर्द में मनरेगा मजदूरों को रोजगार और आवास योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम पंचायत बैहाकुंआ के आश्रित ग्राम चिल्हाटी खुर्द में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस के अवसर पर मनरेगा मजदूरों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में दिहाड़ी मजदूरों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विशेष रूप से मनरेगा, रोजगार गारंटी योजना एवं आवास योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच किशोर कुमार साहू, सचिव रावत जी, रोजगार सहायक सेवंत भंडारी, पंच छबिलाल साहू, देवनन्दन जांगड़े, जागेश्वरी भारती, रेणुका चंदेल, मेट दानी राम साहू, विरेन्द्र जांगड़े, नमेश्वरी भारती द्वारा मजदूरों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि यह योजनाएं भविष्य में दिहाड़ी मजदूरों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं सुरक्षित जीवन का आधार बनने वाली हैं। जानकारी देते हुए बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026 से प्रत्येक पंजीकृत मजदूर को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का संकल्प लिया गया है, जिससे ग्रामीण मजदूरों को नियमित रोजगार, आर्थिक सुरक्षा एवं जीवन-स्तर में सुधार का अवसर मिलेगा। साथ ही आवास योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में शासन निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस के महत्व के बारे में भी बताया गया तथा उन्हें योजनाओं से जुड़कर अपने अधिकारों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीण मजदूरों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे उनके भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411